# जन सुरक्षा कैंप आयोजित कर दी सरकार की जीवन सुरक्षा बीमा योजना की जानकारी

हरिभूमि न्यूज. विदिशा। कलेक्टर अंशुल गुप्ता के निर्देश पर विदिशा जिले की सभी ग्राम पंचायतों में जन सुरक्षा कैंपों का आयोजन किया जा रहा है। इन कैंपों के माध्यम से ग्रामीण खाता धारकों को शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ दिलाया जाना सुनिश्चित किया जा रहा है। इसी के तहत आज गुरुवार को बासौदा के ग्राम अहमदपुर, ग्यारसपुर के ग्राम इकोदिया, कुरवाई के ग्राम नेहरा, लटेरी के ग्राम बलरामपुर, नटेरन के ग्राम कोलुआ, घटवाई, सिरोंज के ग्राम भोजुखेडी और विदिशा के ग्राम बैरखेडी और अहमदपुर में जन सुरक्षा कैंप का आयोजन हुआ। सभी खाता धारकों से को बताया गया कि बैंक द्वारा 20 रुपए प्रति वर्ष के मान से प्रधानमंत्री जीवन सुरक्षा बीमा योजना एवं 436 रुपए प्रति वर्ष के मान से प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा एवं अटल पेंशन योजना इन तीनों योजनाओं का लाभ अवश्य लें। आरबीआई के नियमानुसार 10 वर्ष के बाद खाते का री- केवायसी अपडेट होना बहुत जरूरी है जिसके लिए रीकेवाय सी करवाना आवश्यक है की जानकारु भी दी गई।